Bareilly, Sunday,
17 November 2019
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- 2/-
Outside Bareilly City.- 3/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 06 : MIDDLE

देश-विदेश के एक्सपर्ट्स ने मेडिकल कांफ्रेंस में दी फिटनेस की एडवाइस

एसआरएमएस में हुई मेडिकल कांफ्रेंस, 400 ने लिया हिस्सा

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (16 Nov): एसआरएमएस में मेडिसिन डिपार्टमेंट में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस फिफ्थ का सैटरडे को इनॉग्रेशन हुआ. दो दिवसीय कांफ्रेंस में देश विदेश के करीब 400 से अधिक फिजीशियन डॉक्टर्स व पीजी स्टूडेंट्स ने प्रतिभाग किया. कांफ्रेंस का सब्जेक्ट मेडिसिन अपडेट-2019 रहा. यह जानकारी कांफ्रेंस की सचिव डॉ. स्मिता गुप्ता ने दी. उन्होंने बताया कि एसआरएमएस में इस वर्ष पांचवीं बार कांफ्रेंस का आयोजन हुआ है. कांफ्रेंस में मेडिसिन डिपार्टमेंट में नई तकनीक को साझा किया गया. कार्यक्रम का इनॉग्रेशन चीफ गेस्ट नई दिल्ली एम्स से डॉ. जीसी खिलनानी रहे. इस मौके पर संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति भी मौजूद रहे.

पेट के रोगों के बारे में बताया

कांफ्रेंस में फर्स्ट डे मेन सब्जेक्ट पेट से संबंधित रोग रहे जिस पर हैदराबाद से आए डॉ. पीएन राव व बीएचयू से डॉ. विनोद दीक्षित व दिल्ली गंगाराम हॉस्पिटल से डॉ. अनिल अरोरा ने व्याख्यान पेश किया. जिसमें दवाओं के साइड इफैक्ट के कारण लीवर में आई दिक्कत की जांच किस प्रकार की जाए. इसके साथ इंग्लैंड से डॉ. राज चन्द्राप्पा ने तेज सिरदर्द जैसे सब्जेक्ट पर अपना व्याख्यान पेश किया. कांफ्रेंस का सेकंड सत्र मुख्य सब्जेक्ट छाती व एवं श्वास संबंधी रोग व क्रिटिकल केयर रहा. दिल्ली से डॉ. लोकेन्द्र कुमार और केजीएमयू से डॉ. राजीव गर्ग ने अपना व्याख्यान पेश किया. इसके साथ कांफ्रेंस थर्ड, फोर्थ और लास्ट सत्र फिफ्थ रहा.

ये रहे मौजूद

कांफ्रेंस के अंतिम सत्र में संक्रमण रोग पर इंग्लैंड से आए डॉ. राज चन्द्राप्पा, डॉ. सुनीता सिंह ने अपने व्याख्यान दिए. इस मौके पर प्रशासनिक निदेशक आदित्य मूर्ति, डॉ. निर्मल यादव, आयोजन चेयरपर्सन डॉ. शरद जौहरी, संस्थान के प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता एवं सीएमएस डॉ. एके गुप्ता आदि उपस्थित रहे. इसके अलावा पीजी स्टूडेंस भी कांफ्रेंस में शामिल हुए.